दैनिक भास्कर 26/03/2023

# जीएमएन कॉलेज में संगोष्ठी में 14 विद्वानों को दिए चाणक्य अवॉर्ड



जीएमएन कॉलेज में अंतरविषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी मे भाग लेते हुए।

**भास्कर न्यूज | अम्बाला**

जीएमएन कॉलेज में प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त की अध्यक्षता व डॉ. राकेश कुमार के नेतृत्व में संगोष्ठी आईसीईआरटी के संयुक्त सहयोग से एक दिवसीय अंतर्विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी की गई। संगोष्ठी का विषय सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, शिक्षा और मानवीयता के संदर्भ में उभरती हुई चुनौतियां रही।

शुभारंभ चीफ गेस्ट समाजसेवी जसबीर, प्रबंधक समिति के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह, सदस्य चरणजीत सिंह सेठी, प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त व आईसीईआरटी चेयरमैन डॉ. संदीप सिंहमार ने किया। संगोष्ठी संयोजक डॉ. राकेश ने संगोष्ठी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वक्ता बाबा फरीद कॉलेज मैनेजमेंट व टेक्नॉलॉजी भटिंडा के प्रिंसिपल प्रो. राजेंद्र कुमार उप्पल रहे। संगोष्ठी में 4 तकनीकी सत्र रहे। संगोष्ठी के समापन सत्र के मुख्यातिथि हरियाणा लोक सेवा आयोग, हरियाणा सरकार के सदस्य राजेन्द्र कुमार उपस्थित रहे। समापन सत्र में विशिष्ट अतिथि प्रिंसिपल डॉ. अनुपमा आर्य उपस्थित रहीं। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय 150 विद्वानों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से व्याख्यान और शोध-पत्र प्रस्तुत किए। प्रबंधन समिति के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह तथा प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त समेत 14 विद्वानों को चाणक्य अवॉर्ड दिया गया।